भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.771

गुरुवार, 3 दिसम्बर, 2015/12 अग्रहायण, 1937 (शक)

राष्ट्रीय राजमार्ग पर दैनिक रूप से चलने वाले वाहनों की संख्या

771. डॉ. रविन्द्र बाबू:

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 की वर्तमान लेन उस पर प्रतिदिन चलने वाले वाहनों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उपयुक्त है;

(ख) राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा से डासना तक प्रतिदिन चलने वाले वाहनों की वर्ग-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा से डासना मार्ग तक राष्ट्रीय राजमार्ग-24 का विकास/चौड़ीकरण करना आरंभ किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रयोजनार्थ जारी/आबंटित निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस परियोजना को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री पोन्. राधाकृष्णन)

(क): जी नहीं ।

(ख): 68,962 यात्री कार यूनिट (पीसीयू) प्रतिदिन ।

(ग) से (ङ.): विद्‌यमान यातायात घनत्व को ध्यान में रखते हुए सरकार ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई) परियोजना के भाग के तौर पर सेंटर में 6 लेन के एक्सप्रेसवे सहित दिल्ली/उत्तर प्रदेश सीमा से डासना तक विद्‌यमान राष्ट्रीय राजमार्ग सं.24 को 14 लेनों में चौड़ीकरण करने का निर्णय लिया है । निविदाएं आमंत्रित की गई हैं जिसमें निविदाएं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15.12.2015 है और परियोजना के शुरू होने से 30 माह में इसे पूरा किया जाना निर्धारित है ।

****